स०स०–2 / पेन–165 / 2021–

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

शैलेश कुमार,
सरकार के विशेष सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (ले० एवं ह०), बिहार
वीरचंद पटेल पथ, पटना।

पटना, दिनांक– / /2025

विषय : **स्व० (डा०) शीला आजाद, भूतपूर्व चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बासोपट्टी, मधुबनी के पति–श्री नरेन्द्र कुमार आजाद को विशेष पारिवारिक पेंशन की स्वीकृति के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि वित्त विभागीय सकल्प ज्ञापांक–435, दिनाक–27.07.2020 एवं संकल्प ज्ञापाक–273 दिनांक–03.05.2021 में वर्णित प्रावधान के आलोक मे स्व० (डा०) शीला आजाद, भूतपूर्व चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बासोपट्टी, मधुबनी की मृत्यु दिनांक–10.09.2020 को कोविड–19 महामारी से हो जाने के फलस्वरूप उनके पति–श्री नरेन्द्र कुमार आजाद को स्व० (डा०) आजाद की वैचारिक सेवानिवृत्ति की तिथि दिनांक–31.01.2024 तक स्व० (डा०) आजाद को प्राप्त अंतिम शुद्ध भुगतेय वेतन विशेष पारिवारिक पेंशन तथा वैचारिक सेवानिृत्ति की तिथि के उपरान्त विद्यमान नियमों के अनुरूप पारिवारिक पेंशन की स्वीकृति दी जाती है। विशेष पारिवारिक पेंशन दिनांक–11.09.2020 से अनुमान्य होगा।

2. वित्त विभागीय संकल्प सख्या–435, दिनांक–27.07.2020 के अनुसार प्रावधानित विशेष पारिवारिक पेंशन के रूप में मृत कर्मी का अंतिम मूल वेतन एवं समय–समय पर राज्य सरकार द्वारा घोषित महंगाई भत्ता (D.A.) उनके आश्रित को देय होगा। इसके अतिरिक्त कोई अन्य भत्ता देय नहीं होगा। वेतन पुनरीक्षण की स्थिति मे अंतिम मूल वेतन, पुनरीक्षण की अनुशंसाओ से आच्छादित होगा।

3. विदित हो कि विभागीय पत्रांक–675(2), दिनांक–28.05.2024 के द्वारा स्व० (डा०) शीला आजाद, भूतपूर्व चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बासोपट्टी, मधुबनी के पति श्री नरेन्द्र कुमार आजाद को पारिवारिक पेंशन एवं मृत्यु–सह–उपदान की स्वीकृति दिया जा चुका है (छायाप्रति सलग्न)।

4. उक्त प्रस्ताव पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित अनुग्रह अनुदान समिति का अनुमोदन वित्त विभागीय ज्ञापाक–वि०(27)पें०को० 55 / 2023–295(पें०) दिनांक–16.04.2025 द्वारा से प्राप्त है (बैठक की कार्यवाही की छायाप्रति संलग्न)।

5. अतः अनुरोध है कि सभी प्रकार के बकाया के संबंध में पूर्णतः संतुष्ट होने के उपरान्त प्राधिकार पत्र निर्गत करने की कृपा की जाए।

**अनुलग्नक–यथोक्त।**

विश्वासभाजन

ह0 / –

(शैलेश कुमार)

D>2022>Special pension

ज्ञापांक–2/पेन–165/2021– 967(2) पटना, दिनांक– 12/6 /2025

प्रतिलिपि : सचिव (ससाधन), वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि : असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, मधुबनी/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बासोपट्टी, मधुबनी/कोषागार पदाधिकारी, मुगेर/ श्री नरेन्द्र कुमार आजाद, पत्नी–स्व० (डा०) शीला आजाद, भूतपूर्व चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बासोपट्टी, मधुबनी पत्राचार का पता–ग्राम+पो०– असरगंज, जिला–मुंगेर, पिनकोड–813201/प्रशाखा पदाधिकारी 3/9 एवं 18ए को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि : आई०टी० मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

5/6/25

सरकार के विशेष सचिव।